वर्ष- 3, अंक- 90
छपरा
24 फरवरी मंगलवार 2026
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

### पश्चिम बंगाल की जनता के लिए पीएम ने लिखी चिट्ठी

# सीएए का जिक्र, घुसपैठ पर लगाम; राज्य के विकास के साथ कानून-व्यवस्था पर बात रखी

**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के नागरिकों के नाम हिंदी और बांग्ला भाषा में एक खुला पत्र लिखा है। इमसें उन्होंने सीएए का जिक्र करते हुए घुसपैठ पर लगाम, राज्य के विकास, कानून-व्यवस्था और कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर अपनी बात रखी है।

पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री ने पत्र की शुरुआत जय मां काली के जयकारे के साथ की। उन्होंने लिखा कि अब बस कुछ ही महीने में पश्चिम बंगाल का भाग्य सुनिश्चित हो जायेगा। आने वाली पीढ़ी का भविष्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह आपके सोचे-समझे फैसले पर निर्भर करता है। मेरे सोनार बंगाल के सपने देखने वाला हर एक जवान, बूढ़ा और महिलाएं आज बहुत पीड़ा में हैं। उनकी पीड़ा से आज मेरा हृदय भी व्यथित है। इसलिए, मैंने मन की गहराइयों से एक संकल्प लिया है, पश्चिम बंगाल को 'विकसित' और समृद्ध बनाने का संकल्प।

उन्होंने आगे लिखा- पिछले 11 वर्षों में देशवासियों के आशीर्वाद को ताकत बनाकर मेरी सरकार ने जनकल्याण और समग्र विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।



किसानों के कल्याण से लेकर युवाओं के सपनों को साकार करने तक, और मातृशक्ति के सशक्तिकरण से लेकर समाज के हर वर्ग तक, हमारी नीतियों और निरंतर प्रयासों के सकारात्मक परिणाम आज साफ दिखाई दे रहे हैं। राज्य सरकार के असहयोग और विरोध के बावजूद, आज पश्चिम बंगाल के करीब 5 करोड़ लोग 'जन-धन योजना' के माध्यम से बैंकिंग व्यवस्था से जुड़े हैं। 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत राज्य में 85 लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है। जब राज्य की सत्ताधारी पार्टी गरीबों का निवाला छीन रही है, तब हमने छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को 2.82 लाख करोड़ रुपये का लोन देकर मदद का हाथ बढ़ाया है।

'अटल पेंशन योजना' के तहत 56 लाख वरिष्ठ नागरिकों को बुढ़ापे में आत्मनिर्भर बनाने का सौभाग्य मुझे मिला है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 1 करोड़ से अधिक परिवारों को रसोई गैस देकर माताओं-बहनों को धुएं से मुक्ति दिलाकर मैं धन्य हूं।जो किसान पूरे देश का पेट भरते हैं, आज पश्चिम बंगाल में वही अन्नदाता अपने परिवार का पेट पालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे कठिन परिस्थिति में 'किसान सम्मान निधि' के जरिए 52 लाख से अधिक किसानों को सीधे आर्थिक सहायता देकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाकर, मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं।

स्वतंत्रता के बाद पश्चिम बंगाल देश की अर्थव्यवस्था की दिशा तय करता था और औद्योगिक विकास में अग्रणी था। लेकिन आज इस गौरवशाली राज्य की जर्जर हालत देखकर मेरा मन व्यथित हो उठता है। पिछले छह दशकों के कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण पश्चिम बंगाल को जो अपूरणीय क्षति हुई है, उसे बयान नहीं किया जा सकता। स्वामी विवेकानंद और ऋषि अरविंद ने जिस बंगाल का सपना देखा था, वह आज वोट-बैंक की संकीर्ण राजनीति, हिंसा और अराजकता में जकड़ा हुआ है और यह हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है। पश्चिम बंगाल की धरती के सपूत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजादी के ललकार' ने कभी पूरे देश को प्रेरित किया था। आज उनकी ही पवित्र भूमि अवैध घुसपैठ और महिलाओं के खिलाफ हिंसा से कलंकित है। कविगुरु रवींद्रनाथ ठाकुर के सोनार बंगाल पर नकली वोटर हावी हो रहे हैं। अराजकता के अंधेरे में डूबते पश्चिम बंगाल को देखकर आज पूरा देश चिंतित है।

कब तक हम चुपचाप यह सब सहते रहेंगे? अब परिवर्तन अनिवार्य है। देश के कई राज्यों में आज जीवन स्तर बेहतर हुआ है, गरीबों के चेहरे पर मुस्कान आई है। 'आयुष्मान भारत' से स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, युवाओं को रोजगार मिला है और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

# अविमुक्तेश्वरानंद बोले-मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं, सामना करूंगा

### जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप, वह हमारे गुरुकुल के नहीं

**प्रयागराज/ वाराणसी,एजेंसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफ बच्चों से यौन शोषण की स्नढ्रक्र होने के बाद प्रयागराज पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सोमवार दोपहर पुलिस टीम वाराणसी पहुंची। टीम शंकराचार्य से पूछताछ कर सकती है। जरूरत पड़ने पर गिरफ्तारी भी कर सकती है। इधर, सोमवार सुबह शंकराचार्य ने वाराणसी के आश्रम में वकीलों के साथ बैठक की। माना जा रहा कि वे गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट का रुख कर सकते हैं। बैठक के बाद शंकराचार्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा-मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं। पुलिस का सामना करूंगा। जिन छात्रों के यौन शोषण का आरोप लगा है, वे उनके गुरुकुल के नहीं हैं। जनता को यूपी पुलिस पर भरोसा नहीं है, जहां भाजपा सरकार नहीं है, उस राज्य की पुलिस से जांच कराई जाए।



रविवार को पुलिस शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी के साथ माघ मेला क्षेत्र पहुंची। वहां उस स्थान का निरीक्षण किया गया, जहां शंकराचार्य का शिविर लगा था। पुलिस ने शिविर के आने-जाने के रास्तों और आसपास के इलाके का नक्शा तैयार किया।

दरअसल, 24 जनवरी को आशुतोष महाराज ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की थी। उन्होंने माघ मेला-2026 और महाकुंभ-2025 के दौरान बच्चों के साथ यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसके बाद 8 फरवरी को उन्होंने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए प्रयागराज की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में केस दायर किया।

13 फरवरी को दो बच्चों को कोर्ट में पेश किया। 21 फरवरी को बच्चों के बयान कैमरे के सामने दर्ज किए गए। कोर्ट के आदेश पर उसी दिन झूंसी थाने में स्नढ्रक्र हुई। मामले में अविमुक्तेश्वरानंद, उनके शिष्य मुकुंदानंद और 2-3 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है।

# दिल्ली विधानसभा को बम ब्लास्ट की धमकी

### खालिस्तानी ग्रुप के नाम से आया ई-मेल; सुबह आर्मी-एयरफोर्स स्कूल को थ्रेट मिली थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा भवन और लाल किले को बम ब्लास्ट में उड़ाने की धमकी दी गई है। सोमवार को खालिस्तानी ग्रुप के धमकी का ई-मेल भेजी गया है।

जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हुई, विधानसभा भवन की सर्चिंग की जा रही है। बम स्क्वाड और डॉग स्क्वॉड सर्च में जुटी हैं। फिलहाल कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

वहीं, लाल किला की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। इससे पहले दिल्ली स्थित धौला कुआं के आर्मी पब्लिक स्कूल और लोधी रोड के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल को ईमेल के जरिए धमकी दी गई थी।

जानकारी मिलने पर दिल्ली पुलिस, बम स्क्वाड, डॉग स्क्वॉड और दिल्ली फायर सर्विस की टीमें स्कूल पहुंची। पूरा कैंपस खाली कराया गया। हालांकि जांच में संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

### किश्तवाड़ में टेरर नेटवर्क का खात्मा

# सेना बोली- 326 दिन तक ऑपरेशन चलाया, 7 आतंकी मारे

### इनमें जैश कमांडर सैफुल्लाह भी शामिल

**श्रीनगर,एजेंसी।** भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर ने X पर 7 आतंकियों की फोटो पोस्ट की और लिखा है कि 326 दिन के बाद किश्तवाड़ से आतंक के नेटवर्क का खात्मा कर दिया गया है। पोस्ट में कहा गया है कि इन आतंकियों में जैश का कमांडर सैफुल्लाह भी मारा गया है। सैफुल्लाह किश्तवाड़ में आतंक का सरगना था।

व्हाइट नाइट कोर ने बताया कि किश्तवाड़ में उनके अलावा जम्मू कश्मीर पुलिस और CRPF समेत सेना की इंटेलीजेंस एजेंसी भी शामिल रहीं।गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में चतरू इलाके में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें 3 आतंकी मारे गए थे।

इससे पहले 4 फरवरी को भी चतरू में ही सुरक्षाबलों ने जैश के ही एक आतंकी को मार गिराया था। उधमपुर में भी गुफा में छिपे जैश के 2 आतंकियों को ग्रेनेड विस्फोट में मार गिराया था।



**कौन था जैश का कमांडर सैफुल्लाह**

सिक्योरिटी एजेंसियों के शुरुआती अंदाजों से पता चलता है कि रविवार को मारे गए तीन आतंकवादियों में से एक सैफुल्लाह था, जो खुद को जैश ए मोहम्मद का कमांडर बताता था। कहा जाता है कि सैफुल्लाह ने लगभग पांच साल पहले जम्मू और कश्मीर में घुसपैठ की थी। वह सिक्योरिटी फोर्सेस पर कई जानलेवा हमलों का मास्टरमाइंड था, जिसमें जुलाई 2024 का हमला भी शामिल है जिसमें चार सैनिक मारे गए थे।

### एआई समिट हंगामा, 5वां आरोपी ग्वालियर से गिरफ्तार

# यूथ कांग्रेस नेशनल प्रेसिडेंट से भी पूछताछ; आरोपी कृष्ण हरि की कार से पीएम फेस वाली टीशर्ट मिली

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने 5वीं गिरफ्तारी की है। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से यूथ कांग्रेस नेता जीतेंद्र यादव को गिरफ्तार किया। इसके अलावा 2 और सदस्यों को हिरासत में लिया है।

सोमवार को पुलिस ने इंडियन यूथ कांग्रेस के दिल्ली अध्यक्ष उदय भानु चिब से भी पूछताछ की है। ग्वालियर से हिरासत में लिए गए दो लोगों ने राजा गुर्जर और अजय कुमार के नाम शामिल हैं। आरोप है कि ये सभी शर्टलैस प्रदर्शन में शामिल थे। वीडियो के जरिए इनकी पहचान की गई है।

दिल्ली की तिलक नगर थाना ने यह एक्शन लिया है। सभी को दिल्ली लाया गया है। इस मामले में पुलिस गैर जमानती धाराओं में FIR दर्ज की है। 21 फरवरी को पटियाला कोर्ट ने पहले से गिरफ्तार 4 आरोपियों को 5 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा था।




**22 फरवरी- कृष्ण हरि की कार से टी-शर्ट बरामद**

दिल्ली पुलिस ने आरोपी और यूथ कांग्रेस के नेता कृष्ण हरि की गाड़ी बरामद की। कार से पीएम मोदी चेहरा छपी टी-शर्ट और पोस्टर भी मिले हैं।

दरअसल, 20 फरवरी को इंडियन यूथ कांग्रेस के 11 सदस्यों ने भारत मंडपम में घुसकर एआई समिट के दौरान शर्टलैस होकर पीएम मोदी की फोटो वाली टी-शर्ट लहराई थी। इस दौरान पीएम मोदी कॉम्प्रोमाइज्ड के नारे लगाए थे।

### दिल्ली हाईकोर्ट बोला

# बेरोजगार पत्नी आलसी नहीं

### उसके काम को नजरअंदाज करना नाइंसाफी; गृहिणी का योगदान पति को ठीक से काम करने लायक बनाता है




**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि बेरोजगार पत्नी आलसी नहीं होती। घर संभालना, बच्चों की देखभाल और परिवार की मदद करना भी काम है, भले ही वह सैलेरी या टैक्स योग्य आय के रूप में दिखाई न दे। ऐसे में गुजारा भत्ता तय करते समय उसके योगदान को नजरअंदाज करना गलत है।

जस्टिस स्वर्णा कांत शर्मा ने 16 फरवरी को दिए इस फैसले में कहा कि घरेलू काम का भी आर्थिक महत्व होता है और इसे नजरअंदाज करना नाइंसाफी है। हाईकोर्ट ने कहा कि एक गृहिणी का काम ही कमाने वाले पति को ठीक से काम करने लायक बनाता है।

मामला 2012 में हुई शादी से जुड़ा है। पत्नी का आरोप है कि 2020 में पति ने उसे और नाबालिग बेटे को छोड़ दिया। निचली अदालतों ने यह कहते हुए अंतरिम मेंटेनेंस देने से इनकार कर दिया था कि पत्नी शिक्षित और खुद कमाने में सक्षम है, लेकिन उसने नौकरी नहीं की।

# पूर्व भाजपा सांसद ने मुस्लिम महिलाओं से कंबल वापस लिए

### ● जौनापुरिया बोले-जो मोदी को गाली देता है, उसे ये लेने का हक नहीं

**निवाई,एजेंसी।** टोंक के पूर्व बीजेपी सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया ने कंबल वितरण कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं से कंबल वापस ले लिए। जौनापुरिया ने कहा-'जो मोदी को गाली देता है, उसे ये कंबल लेने का हक ही नहीं है। पूर्व सांसद कंबल बांट रहे थे तभी एक महिला से उसका नाम पूछा। सकुरान खान सुनते ही भड़क गए, कहा- हट एक तरफ, कंबल यहीं छोड़ दो।

मामला निवाई क्षेत्र के करेड़ा बुजुर्ग गांव में स्थित सीताराम जी मंदिर परिसर में रविवार दोपहर 3:30 बजे का है। महिलाओं का कहना है कि पूर्व सांसद ने पहले उन्हें कंबल दे दिया। जब पता चला कि वे मुस्लिम हैं तो कंबल वापस ले लिया। वहीं जौनापुरिया ने कहा-यह मेरा पर्सनल कार्यक्रम था,



सरकारी स्कीम नहीं थी। जानकारी के करेड़ा बुजुर्ग गांव में स्थित सीताराम जी मंदिर में पूर्व सांसद ने कंबल वितरण कार्यक्रम रखा था। कार्यक्रम में कुछ मुस्लिम महिलाएं भी बैठीं थीं। इस पर पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया बोले-'क्या नाम हे तेरा। महिला ने कहा- सकुरान खान।

### कर्नाटक में दलित जोड़े को मंदिर जाने से रोका

# आरोपी बोला- दलितों को घर में ही पूजा करनी चाहिए; 20 फरवरी को हिंदु-मुस्लिम विवाद हुआ

**तुमाकुरू,एजेंसी।** कर्नाटक के तुमाकुरू जिले में दलित जोड़े को मंदिर में एंट्री से रोका गया। युवक-युवती की हाल ही में शादी हुई थी। जैसे ही दोनों मंदिर पहुंचे नारायणप्पा नाम के व्यक्ति उन्हें रोक दिया।

उसने कपल से कहा कि दलितों लोगों को घर पर ही पूजा करनी चाहिए, मंदिर नहीं आना चाहिए। घटना 21 फरवरी को तुमकुरु गांव के अरसम्मा मंदिर में हुई।पीड़ित जोड़े ने 5 लोगों के खिलाफ पुलिस शिकायत की। उनके मुताबिक आरोपी नारायणप्पा से सरेआम धमकाया था। मंदिर में मौजूद अन्य लोगों ने


एआई इमेज

उसका समर्थन किया था।शिकायत के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी नारायणप्पा को गिरफ्तार किया। अन्य आरोपी फरार हैं। पुलिस के कहना है कि फरार लोगों की तलाश जारी है।



# नेपाल- बस हाईवे से नदी में गिरी, 18 की मौत

### 25 घायल, मरने वालों में 2 विदेशी नागरिक; कंट्रोल खोने से हादसा

**काठमांडू,एजेंसी।** नेपाल के धादिंग जिले में सोमवार देर रात एक बस हाईवे से नदी में गिर गई। नेपाली मीडिया के मुताबिक हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। मृतकों में एक पुरुष और एक महिला विदेशी नागरिक शामिल हैं। हालांकि, यह किस देश से थे और इनके नाम अभी सामने नहीं आए हैं।

आर्म्ड पुलिस फोर्स (APF) के मुताबिक, अब तक 17 शव बरामद किए जा चुके हैं। बाद में एक अन्य यात्री की मौत की पुष्टि हुई, जिससे मृतकों का आंकड़ा 18 हो गया। हादसे में घायल लोगों को रेस्क्यू कर अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अब तक मृतकों और घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

बस (Ga 1 Kha 1421) पोखरा से काठमांडू की ओर जा रही थी, तभी किसी कारण ड्राइवर का बस से नियंत्रण खो गया और बस त्रिशूली नदी में जा गिरी। हादसा देर रात करीब रात 1:30 बजे धादिंग जिले के बेनिघाट रोरांग इलाके में हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की अन्य वजहों की भी जांच कर रही है।

**हादसे के समय बस में 44 लोग सवार थे :** मरने वालों में 12 पुरुषों और 6 महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय बस में कुल 44 यात्री सवार थे।

घायल 26 यात्रियों को बचा लिया गया है। कुछ का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है, जबकि अधिकांश को आगे के इलाज के लिए काठमांडू रैफर कर दिया गया है।

यह दुर्घटना आधी रात को होने के कारण बचाव अभियान में परेशानी हुई। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों के कर्मियों ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर बचाव कार्य किया।

बारातियों से भरी बस खाई में गिरी थीइससे पहले नेपाल के बैतड़ी जिले में 5 फरवरी को बारातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर करीब 150 मीटर गहरी खाई में जा गिरी थी। हादसे में 13 बारातियों की मौत हो गई, जबकि 34 लोग घायल हो गए थे।

बस गांव से दुल्हन लेकर सुनकुड़ा जा रही थी। बस एक मोड़ पर चढ़ाई के दौरान अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में गिर गई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि हादसा ओवरलोडिंग के कारण हुआ था।

वहीं, साल 2024 में लैंडस्लाइड की वजह से दो बसें त्रिशूली नदी में बह गई थीं। दोनों बसों में चालकों समेत 63 लोग सवार थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 7 भारतीयों और एक बस चालक की मौत हुई।

# बिहार पुलिस सप्ताह के दूसरे दिवस पर मशरक थाना परिसर में श्रमदान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार पुलिस सप्ताह के तहत दूसरे दिवस पर मशरक थाना परिसर में स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाना तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि जिला मुख्यालय के निर्देशानुसार बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर थाना स्तर पर प्रतिदिन अलग-अलग जनहितकारी एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दूसरे दिन श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान को समर्पित किया गया, जिसमें थाना परिसर एवं पुलिस केंद्र की व्यापक साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम के दौरान सभी पुलिस पदाधिकारी, जवान एवं प्रशिक्षणाधीन सिपाहियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामूहिक श्रमदान के तहत परिसर में जमा कचरे को हटाया गया, कार्यालय कक्षों, बैरक, परिसर मार्ग एवं आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई। साथ ही अनावश्यक झाड़ियों की कटाई-छंटाई कर परिसर को व्यवस्थित किया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए



आवश्यक है, बल्कि यह कार्य संस्कृति को भी सकारात्मक दिशा देता है। पुलिस बल का दायित्व केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना भी है। स्वच्छता अभियान के माध्यम से पुलिस समाज को यह संदेश देना चाहती है कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने आगे बताया कि बिहार पुलिस सप्ताह के दौरान आम जनता के साथ संवाद, जागरूकता रैली, विधिक जागरूकता कार्यक्रम तथा सामुदायिक सहभागिता से जुड़े अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और सहयोग का संबंध और मजबूत हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिसकर्मियों ने अपने कार्यस्थल एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। बिहार पुलिस सप्ताह के अवसर पर आयोजित यह श्रमदान कार्यक्रम क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा और लोगों ने इसकी सराहना की।

## भेल्दी में कार के धक्के से बैंक मैनेजर जख्मी, रेफर



**दैनिक खोज खबर/भेल्दी(सारण)।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर रायपुरा बाइपास के समीप सोमवार को एक तेज रफ्तार कार के धक्के से बाइक सवार बैंक मैनेजर गंभीर रूप से जख्मी हो गए।घायल बैंक मैनेजर वसीम अख्तर जलालपुर थाने के नूननगर गांव के सलाउदीन अंसारी का पुत्र बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार जलालपुर थाने के नूननगर गांव के वसीम अख्तर सोमवार को गड़खा से मुजफ्फरपुर जिले के आईसीआईसीआई बैंक गुंजश मे ड्यूटी करने के लिए जा रहे थे।वे इस बैंक में ब्रांच मैनेजर के पद पर तैनात हैं।वे जैसे ही गड़खा गांव से एनएच 722 पर रायपुरा बाइपास के समीप पहुंचे कि भेल्दी की ओर से आ रही आर्टिका कार ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर के बाद जोरदार आवाज को सुन आस-पास के दौड़कर पहुंचे और मैनेजर को इलाज के लिए गड़खा सीएचसी लाए जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया।छपरा सदर अस्पताल के डॉक्टरो ने चिंतजनक स्थिति में इलाज के लिए पटना भेज दिया।भेल्दी पुलिस ने मौके पर पहुंच कार को अपने कब्जे में ले लिया और मामले की छानबीन में जुट गए।

## मशरक में एफसीआई गोदाम से गाड़ियों द्वारा अनाज चोरी का वीडियो वायरल




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड क्षेत्र स्थित एफसीआई गोदाम से जन वितरण प्रणाली के लिए भेजे जाने वाले अनाज की कथित चोरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कथित तौर पर डोर स्टेप डिलीवरी वाहन को एक सुनसान स्थान पर खड़ा कर बोरी भरा अनाज निकालते हुए दिखाया गया है। दैनिक खोज खबर इस वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि इस वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल सिस्टम की विभागीय मिलीभगत से चल रहा है। अक्सर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं का दबे जुबान रोना होता है कि गोदाम से मिलने वाली अधिकांश बोरियों में 4 से 5 किलोग्राम तक अनाज कम रहता है। जिससे निर्धारित मात्रा में उपभोक्ताओं को अनाज नहीं दे पाते, तो उन्हें लाभुकों के आक्रोश और शिकायतों का सामना करना पड़ता है। वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में चर्चाएं तेज हो गई है। अब पूरे मामले की जांच के बाद ही इसकी सत्यता निकल कर प्रकाश में आएगी।

## सबका सम्मानङ्कजीवन आसान' के तहत अंचल कार्यालय में जन सुनवाई आयोजित



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** राज्य सरकार के 'सबका सम्मानङ्कजीवन आसान' कार्यक्रम के तहत मशरक अंचल कार्यालय परिसर में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान सीओ सुमंत कुमार की अध्यक्षता में आम लोगों की समस्याएं सुनी गईं। जन सुनवाई में कुल 6 आवेदकों ने अपनी-अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। इनमें भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, प्रमाण पत्र निर्गत करने में विलंब तथा राजस्व संबंधी मामलों की शिकायतें प्रमुख रहीं। सीओ ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित राजस्व कर्मियों एवं अधिकारियों को त्वरित जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। सीओ सुमंत कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम जनता को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही समयबद्ध तरीके से किया जाए। इसी उद्देश्य से प्रत्येक सप्ताह सोमवार और शुक्रवार को नियमित रूप से जन सुनवाई आयोजित की जाती है, जिसमें लोगों की शिकायतें सुनकर त्वरित समाधान की प्रक्रिया शुरू की जाती है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निर्धारित तिथि पर अंचल कार्यालय में आकर आवेदन दें, ताकि पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से समस्याओं का निस्तारण किया जा सके।

## बैजलपुर में टोटो की बैटरी चोरी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत अंतर्गत बैजलपुर कैशव गांव में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पहले जहां बड़े घरों को निशाना बनाया जा रहा था, वहीं अब चोरों की नजर गरीबों पर पड़ गई है। चोर गरीब लोगो की रोज़ी-रोटी पर भी वार करना शुरू कर दिया है. बीती रात बैजलपुर निवासी उपेंद्र कुमार का टोटो रिक्शा अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। पीड़ित जब अपने घर के दरवाजे के पास सुबह उठा तो देखा कि उसका टोटो गायब है. पुरे परिवार टोटो के खोजवीन किया तो चोर वाहन को घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर एक तालाब के किनारे में खड़ी कर उसमें लगी 5 बैटरियां निकालकर उस टोटो को छोड़ कर फरार हो गए थे।

## बनियापुर में जदयू प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए शिवनारायण सिंह पटेल निर्वाचित



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर(सारण)।** बनियापुर परसा पंचायत भवन में जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव में निविरोध चौथी बार शिवनारायण सिंह पटेल प्रखंड अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। चुनाव पर्यवेक्षक अनुसूचित जाति के जिला अध्यक्ष शंभू माझी एवं चुनाव प्रभारी डॉ. फिरोज आलम ने शिवनारायण सिंह पटेल को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सैकड़ों क्रियाशील सदस्यों ने भाग लिया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष शिवनारायण सिंह पटेल ने सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समस परहेज, राम ओतार शमा, अर्जुन सिंह, अजय कुमार पटेल, संजय कुमार राम, सरिता देवी, शांति देवी, अख्तर अली, सविता देवी, आशा देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता दल यू के सोनपुर प्रखंड अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए कामेश्वर महतो, लोगो ने दी बधाई

**सोनपुर।** जनता दल यू के प्रदेश मुख्यालय से पार्टी पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर प्रखंड स्तर पर प्रखंड अध्यक्ष चुनाव के लेकर दिशा निर्देश जारी किया गया था.जहाँ सोमवार के दिन सोनपुर के जेपी सेतु के बजरंग चौक स्थित कैलाश दांगी के आवास पर जनता दल यू के पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमे उक्त चुनाव में पार्टी के जिला निर्वाचन पदाधिकारी आनंद किशोर सिंह,पर्यवेक्षक शैलेंद्र सिंह, शिव प्रसाद महतो के देखरेख में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। चुनाव स्थल पर पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ कई वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओ उपस्थिति रहे । जिसमे 10 वर्षो से रहे पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर भारती ने अपना समर्थन प्रस्ताव नए प्रत्याशी कामेश्वर महतो को प्रस्तावित किया. जिसमे कामेश्वर महतो द्वारा एकमात्र नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसे सर्व सहमति से निर्विरोध चुना गया। बताते कि कामेश्वर महतो सोनपुर प्रखंड के गंगाजल बरका बगीचा के



निवासी हैं और निवर्तमान जिला महासचिव और जेपी सेनानी भी है। नव निर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष कमेश्वर महतो को उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य गणों ने माला पहना करके उन्हें बधाई दी। निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष चंदेश्वर भारती ने नये प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर महतो के प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत होने पर कहा कि हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष कमेश्वर महतो से अपेक्षा करेंगे की बूथ स्तर पर पार्टी के मजबूत करें और सबके साथ,सबका विकास, सबका विश्वास,के साथ कार्य करें। वही नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष कमेश्वर महतो ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया जाएगा। नेताओं ने उन्हें बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को माला पहनाकर खुशी जाहिर की। मौके पर पार्टी पदाधिकारी शंकर कुमार मालाकार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बधाई दी ।

## फूलो की होली प्रयागराज में शामिल हुए बिहार के प्रशिद्ध संत मौनी बाबा

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** थावे विद्यापीठ द्वारा संचालित फूलो की होली में लोक सेवा आश्रम के संत शिरोमणि विष्णुदास उदासिन उर्फ मौनी बाबा ने अपने भक्तो के साथ प्रयागराज में पहुंचकर फूलो की होली रविवार को मनाया गया । प्रयागराज के झूसी संगम किनारे अवस्थित भजनानंद धाम आश्रम में हरिहरानंद महाराज मण्डालेश्वर के हाथों दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया । मौनी




बाबा के साथ सोनपुर से अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह,अभय सिंह अधिवक्ता , रविरंजन, शिक्षक ,अभय प्रकाश सिंह, गायक, गोविन्द वल्लभ संगीत शिक्षक, डा . मिन्टु शर्मा संस्कृति कला एवं अहार विशेसज्ञ मुजफ्फरपुर शामिल हुए , सभी को बिहार गौरव और कला रत्न से सम्मानित किया गया । फूलों की होली के उपरान्त मौनी बाबा द्वारा लाए दही चूरा, और पुआ का प्रसाद वितरण किया गया । इस कार्यक्रम में थावे विधापीठ के प्रतिकुलपत्ति डा .जंग बहादुर पाण्डेय, कुलसचिव, डा .पी एस दयाल यति,, कुलपति डा . विनय कुमार पाठक , उप कुलसचिव डा . गिरधारी लाल अग्रवाल, महंथ देवनायक दास ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिए साथ साथ कई राज्य के साधु संत , शिक्षाविद, कवि, गायक, लेखक, योगगुरु, प्रोफेसर, डॉक्टर शामिल , कार्यक्रम शुभारंभ के समय सोनपुर के अभय प्रकाश सिंह एवं रंविरंजन के द्वारा थावे विद्यापीठ का कुल गीत प्रस्तुत किए, इसके साथ साथ कइ भजन, होली गीत प्रस्तुत किए, होली खेले महादेव प्रयाग नगर बड़ा पावन, प्रयाग नगरी बहे गंगा की धारा गीत गायें ।

## सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दू आगे आएं- चित्राली

**दैनिकखोज खबर/भेल्दी(सारण)।** दुनिया में एक ही धर्म है वह है सनातन।आप अपने धर्म की रक्षा करें।हिन्दु समाज कभी भी अपने दायित्वों को समझने का काम नहीं किया। उक्त बातें संजीव चौबे ने अमनौर प्रखण्ड के रामचक मठ मंदिर परिसर में आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के प्रतीक है प्रभु श्रीराम।सनातनी चित्राली उपाध्याय ने कहा कि अपने सनातन संस्कृति को आज अपनाने की आवश्यकता है।आज सभी लोग आदर्शों को अपनाएं?आज दुर्भाग्य की बात है कि हम हिन्दु भाई तिलक लगाने से



शर्माते हैं।पर्यावरण की रक्षा के लिए पेड़ लगाएं।सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए हिन्दुओ को आगे आना होगा।बलिराम तिवारी ने कहा कि कुछ लोग सनातनको मिटाने का कुचक्र चल रहे हैं मगर उनका सपना कभी साकार नहीं होगा।आज पृथ्वीराज चौहान के वंशजो को लोग गाली दे रहे हैं।रवि पाण्डेय ने कहा कि सनातन संस्कृति कभी मिटने वाला नहीं है।राम कृष्ण के आने के पहले से हिन्दू धर्म था।सम्मेलन में मुख्य रूप से शिक्षक रमेश कुमार सिंह, गौतम सिंह, राजकुमार सिंह, नीलम सिंह, कामेश्वर सिंह, प्रशांत सिंह, रिचा, रिमझिम, प्रवीण मिश्रा, रजनीश सिंह, सरोज तिवारी, उदय प्रताप सिंह आदि ने संबोधित किया।अध्यक्षता पत्ररकार राजेश उपाध्याय व धन्यवाद ज्ञापन राजू सिंह ने किया।इस मौके पर हनुमान चालीसा का सस्वर पाठ भी किया गया।

## डीएम ने सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्यवस्थाओं की जांच-पड़ताल की

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और जबाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी ने सोनपुर ब्लॉक ऑफिस का औचक निरीक्षण सोमवार को किया। निरीक्षण के दौरान लंबित दाखिल-खारिज मामलों, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजनाओं के सत्यापन, एलएसबीए योजना के क्रियान्वयन तथा कर्मियों की उपस्थिति व्यवस्था पर विशेष जोर दिया गया। सबसे पहले जिलाधिकारी ने बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की जांच की और सभी पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करने का सख्त निर्देश दिया। करीब डेढ़ वर्षों से अनधिकृत रूप से अनुपस्थित अंचल लिपिक जयप्रकाश श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का आदेश दिया गया। दाखिल-खारिज के पुराने लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि आम जनता के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखना गंभीर लापरवाही मानी जाएगी। सबसे पुराने आवेदनों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया। एलएसबीए योजना की समीक्षा के दौरान लाभार्थियों को सहायता राशि भुगतान से पूर्व पंचायत सचिव या अन्य अधिकृत सरकारी कर्मी से सत्यापन अनिवार्य करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छता पर्यवेक्षक को कार्यालय कार्य के बजाय क्षेत्र में जाकर लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन एवं जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया। अभिलेखों के विधिवत संधारण पर भी विशेष बल दिया गया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मृत चिह्नित लाभार्थियों के मामलों में पुनः सत्यापन कराने तथा मृत्यु प्रमाण पत्र या स्थानीय पुष्टि जैसे साक्ष्यों को रिकॉर्ड में संलग्न करने का निर्देश दिया गया, ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो सके। कार्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति सुधारने, पुराने अभिलेखों को अभिलेखागार में सुरक्षित रखने तथा अनुपयोगी रद्दी अभिलेखों के नियमानुसार निष्पादन का भी निर्देश दिया गया। एलएसबीए के स्वच्छता पर्यवेक्षक को कार्यालय की जगह फील्ड में जाकर वेरिफिकेशन कार्य करने और जागरूकता फैलाने की भी निर्देश दिए। सोनपुर में नए प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन के निर्माण को ध्यान में रखते हुए निर्माण अवधि तक कार्यालय को उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया गया। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा , प्रखंड विकास पदाधिकारी अरोमा मोदी , अंचल अधिकारी राजकमल, आरओ संजीव कुमार, बीपीआरओ राजेश कुमार, स्वच्छता स्वच्छता अधिकारी खुर्शीद अहमद, आवास पर्यवेक्षक राकेश कुमार सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## तरैया के एक युवक की बेंगलुरु में मौत, घर पर मचा कोहराम

### बेंगलुरु में करता था मजदूरी, इमारत से गिरकर हुआ था घायल

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के चैनपुर पंचायत के सानी खराटी गांव के रहने वाले एक मजदूर की बेंगलरु में मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी उमेश महतो का 18 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार बताया गया है। जनाकारी के अनुसार नीरज कुमार पड़ोसी गांव ही के एक मकान निर्माण के ठेकेदार के साथ मजदूरी करने बेंगलुरु गया हुआ था। काम करते समय वह बहुमंजिले इमारत से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में स्थानीय सरपंच प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने बताया कि नीरज के साथियों ने फोन पर सूचना दी कि 18 फरवरी को घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण उसका अंतिम संस्कार बेंगलुरु में ही कर दिया गया। इधर घटना की सूचना मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतक नीरज कुमार अपने तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सरपंच प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा हर-संभव मदद का आश्वासन दिया साथ उन्होंने सरकार से पीड़ित परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## सोनपुर में मैट्रिक परीक्षा में दोनों पालियो में कुल 95 रहे अनुपस्थित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर में मैट्रिक परीक्षा क़े छठे दिन प्रथम पाली व दूसरी पाली में इंग्लिश विषय की परीक्षा हुई। सोनपुर में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। कड़ी चेकिंग तथा सख्ती के बीच परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। सोनपुर अनुमंडल पदाधिकारी सगिंधा नेहा ने सोमवार क़ो बतायी कि परीक्षा भवन में पहुंचने से पूर्व सभी परीक्षार्थियों क़ो गहन जांच पड़ताल करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में जाने की इजाजत दी गई.एसडीओ ने बताया कि सोनपुर के 7 परीक्षा केंद्रों में कुल प्रथम पाली में 3594 परीक्षार्थियों को उपस्थित होना था जिसमें 3559 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली में 3441 में से 3381 परीक्षार्थी उपस्थित हुई जबकि 60 परीक्षार्थी अनुपस्थित रही। दोनों पालियो में 7035 परीक्षार्थी को उपस्थित होना था जिसमें 6940 परीक्षार्थी उपस्थित रहे कुल 95 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## मढ़ौरा जदयू प्रखंड अध्यक्ष के पद पर बलिराम सिंह निर्वाचित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सोमवार को मढ़ौरा में प्रखंड जदयू अध्यक्ष का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष के पद पर सर्व सम्मति से निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष बलिराम सिंह उर्फ गामा सिंह निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। पार्टी के प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी शेषनाथ सिंह और प्रखंड निर्वाची प्रवेक्षक जय प्रकाश महतो के देखरेख में चुनाव शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से। प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव के संपन्न हुआ। बताया गया कि लगातार तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने गए गामा सिंह ने इस बार भी एक मात्र उम्मीदवार के रूप में नॉमिनेशन किया था।

## रात में पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी ताजपुर मुख्य सड़क पर डुमरी गांव के समीप रविवार की रात में पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक थाना क्षेत्र के भभौली गांव निवासी 30 वर्षीय अशोक बीन बताया जाता है। मृतक के भाई शामू बीन ने बताया की उसका भाई छपरा शहर मे राजमिस्त्री का काम करता था। प्रतिदिन की तरह रविवार की देर रात भी वह बाइक से अपने गांव लौट रहा था। जहाँ सड़क दुर्घटना मे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया की रविवार की रात डायल 112 की गश्ती टीम को डुमरी के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ था। जिसको टीम द्वारा आनन फानन मे मांझी सीएचसी लाया गया जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से सोमवार की सुबह की गई। उधर शव से कुछ ही दुरी पर सड़क किनारे बबुल के पेड़ के समीप से एक बाइक बरामद की गई थी। मृतक के परिजनों द्वारा यह बताया गया कि बाइक भी उसी की है। जिससे यह प्रतीत होता है की छपरा से घर लौटते समय बाइक अनियंत्रित होकर बबुल की पेड़ से टकरा गई है जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई है। थानाध्यक्ष ने बताया की अभी तक इस मामले मे परिजनों द्वारा कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। फिलहाल जरूरी कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के परिवार में पत्नी के अलावे दो पुत्र व दो पुत्री है। घटना की सुचना मिलते ही परिजनों के रुदन क्रूदन से माहौल गमगीन हो गया है।

## हत्या मामले में प्राथमिकी दर्ज, चार नामजद

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** अवतार नगर थाना क्षेत्र के सोवर्णा दियारा में मिले 72 वर्षीय वृद्ध के शव बरामदगी मामले में मृतक के पूत्र संजीव कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें डोरीगंज थाना क्षेत्र के दफ्तरपुर के चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में मृतक के पुत्र ने बताया है कि मेरे पिताजी बिंदेश्वरी राय को दफ्तरपुर निवासी सत्येन्द्र राय, निखिल राय, जीतेन्द्र राय, धनेश्वर राय द्वारा बार बार धमकी दी जा रही थी। उनलोगों के द्वारा कहा जाता था कि डोरीगंज थाना में दर्ज मेरे चचेरे भाई के हत्या मामले में गवाही नहीं देना है। यदि आप गवाही दोगे तो जान से चले जाओगे। जिस पर मेरे पिताजी द्वारा विरोध करते हुए बोले कि हम हर हाल में गवाही देंगे। जिसकी लिखित सूचना 5, 13 और 23 जनवरी को डोरीगंज थाना में मेरे द्वारा दिया गया। उसके बाद 21 फरवरी को मेरे पिताजी को अगवा कर उनकी हत्या कर दियारा में फेंक दिया गया। थानाध्यक्ष साकेत बिहारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। गौरतलब है कि शनिवार को देर रात तक अवतार नगर थाना क्षेत्र के नयका टोला निवासी बिंदेश्वरी राय जब घर नहीं लौटे तो परिजनों द्वारा खोजबीन किया गया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। रविवार को दिन में जब किसान दियारा में अपने फसल देखने गए थे तो एक शव दिखाई दिया। जिसकी सूचना अवतार नगर थाने को दी। जिसके बाद शव की पहचान बिंदेश्वरी राय के रूप में की गई।

## अल्टो कार में लदी 352 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** बिहार मद्य निषेध विभाग पटना की सूचना पर डोरीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के दियारा स्थित सुरतपुर गांव के पास से अल्टो कार में लदी 352 लीटर अंग्रेजी शराब को जब्त कर लिया है। वहीं मौके से चालक व धंधेबाज पुलिस को देख भागने में सफल रहे। थानाध्यक्ष दिलीप कुमार ने बताया कि जब्त शराब में दो कार्टून किंगफिशर बीयर एवं 32 कार्टून आफिसर च्वाइस ब्रांड का फरूटी लदा हुआ था। जब्त शराब एवं अल्टो कार को थाने ले आया गया। कार के मालिक एवं अज्ञात चालक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं धंधेबाज की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## मढ़ौरा वकालतखाना से चोरों ने आधे दर्जन पंखे चुराएं

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय के वकालतखाना से बीती रात अज्ञात चोरों ने करीब आधा दर्जन पंखों की चोरी कर ली। सोमवार की सुबह अधिवक्ताओं के पहुंचने पर इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरी की घटना को लेकर अधिवक्ता समूह ने स्थानीय डीएसपी नरेश पासवान से मिलकर इसकी शिकायत दर्ज कराई। डीएसपी ने तत्काल मौके पर पहुंच कर घटना की पड़ताल की, वही एसएचओ को प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया। जानकारी मिलने पर व्यवहार न्यायालय के सब जज और मुसिंफ कोर्ट के न्यायाधिश भी बकालतखाना पहुंचे और तथ्यों की जानकारी थी। न्यायाधीश ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से बात कर चोरी की घटना पर अंकुश लगाने और चोरों पर कार्रवाई की बात कही गई है। वकालतखाना में हुई चोरी की घटना में पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

# उत्क्रमित मध्य विद्यालय बलडीहां में शिक्षिका पर स्कूली बच्चों को पीटने का आरोप, जांच शुरू



**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ब्लडीहां में सोमवार को एक गंभीर मामला सामने आया है.आरोप है कि मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) के बाद बच्चों से बर्तन धुलवाया जा रहा था.विरोध करने पर कथित रूप से संबंधित शिक्षिका द्वारा कुछ बच्चों को टारगेट कर पिटाई की गई.घटना के बाद परिजनों में भारी आक्रोश फैल गया.शिकायत करने वालों में सत्येंद्र कुमार मांझी, उमेश कुमार यादव, भरत राय, उषा देवी, रामेश्वर साह, विनोद राय, इंदु देवी, संजय मांझी, अजय मांझी, दिलीप मांझी सहित कई अभिभावक शामिल हैं. वहीं पीड़ित छात्रों में राज नंदनी, राज संजना, चांदनी कुमारी, आयुष कुमार, निखिल कुमार, अंजली कुमारी, पायल कुमार, श्वेता कुमारी, मुस्कान कुमारी और अंशु कुमारी के नाम सामने आए हैं.सूचना मिलते ही प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विष्णु कुमार विद्यालय पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. इस दौरान उन्होंने एमडीएम, उपस्थिति पंजी और विद्यालय की साफ-सफाई की भी जांच की तथा बच्चों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से पूछताछ की.अभिभावकों ने संबंधित शिक्षिका को हटाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है.वहीं इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विष्णु कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है.शिक्षिका से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा और जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## खड़े ट्रक में भीषण आग, मची अफरातफरी

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी सिसवन मुख्य मार्ग पर सोमवार शाम एक खड़े ट्रक में भीषण आग लग गई। यह घटना मांझी के जयप्रभा सेतु के समीप हुई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 12 टायरों वाला यह ट्रक सड़क किनारे खड़ा था। अचानक उसके इंजन से धुआं निकलने लगा। कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भीषण थी कि उसकी लपटें दूर से दिखाई दे रही थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के ग्रामीणों के सहयोग और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्राथमिक आशंका शॉर्ट सर्किट या इंजन में तकनीकी खराबी की जताई जा रही है। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानी नहीं हुई। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।



## एसडीएम व डीपीएम ने अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सोमवार को एसडीएम निधी राज व डीपीएम अरविन्द कुमार ने स्थानीय अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में उपलब्ध भौतिक सुविधाओं की विस्तृत जांच पड़ताल की। निरीक्षण के लिए पहुंचे अधिकारियों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर वीरेश कुमार और अस्पताल प्रबंधक आफरीन सेराज से अस्पताल में बहल व्यस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल परिसर का भ्रमण कर ऑक्सीजन प्लांट, जेनरेटर, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वार्ड व्यवस्था तथा दवाओं की जानकारी ली। उन्होंने प्रसूति कक्ष, आपातकालीन कक्ष, लैब, पंजीकरण काउंटर और शौचालयों की स्थिति को ध्यानपूर्वक देखा तथा सभी बिन्दुओं पर आवश्यक सुधार के दिशा निर्देश दिए। अधिकारियों ने मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया। निरीक्षण के दौरान अभिलेख संधारण, दवा भंडारण और उपकरणों की कार्यशीलता की भी समीक्षा की गई। एसडीओ ने कहा कि अस्पताल में स्वच्छता और समय पर उपचार सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। डीपीएम ने स्वास्थ्य कर्मियों को सेवा गुणवत्ता बेहतर बनाने तथा नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी सप्ताह पुनः निरीक्षण कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बता दें कि अनुमंडलीय अस्पताल का मढ़ौरा एसडीएम द्वार गत एक माह के अंदर तीसरी जांच पड़ताल थी। हालांकि कहा जा रहा है कि पूर्व से अब स्थितियां थोड़ी सुधार रही हैं।



## लेट्स इंस्पायर बिहार समिट दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित



**दैनिक खोज खबर/पटना।** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में लेट्स इंस्पायर बिहार के अंतर्गत निर्धारित बिहार डेवलपमेंट समिट 2026 सपन्न हुआ। जिसमें भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह के नेतृत्व मे सैकड़ो लोग सारण से दिल्ली के कार्यक्रम मे शामिल हुए। इस कार्यक्रम मे भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह को लेट्स इंस्पायर के प्रेणता आईजी विकास भैभव ने उनको अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह से स्वागत किया। इस अवसर पर किसलय किशोर वैशाली मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा, पवन सिंह, सुमंत तिवारी, मोनू सिंह, निपेंद्र सिंह कोपा नगर अध्यक्ष बुलुस्तानी तीरलोकी साह, शिवशंकर सिंह, रंजय सहनी, सूरज सिंह ,शुभम सिंह दीपू कुशवाहा, नवीन गुप्ता, दीपक कुमार, सोनू सिंह, अमन पांडेय, भूषण तिवारी एवं अन्य मित्रों के साथ शामिल रहें।इस अवसर पर राकेश कुमार सिंह ने कहा की यह भीड़ इनके कार्य के परिणाम है और बिहार के हर जिला से लोग शामिल हुए। उनकी योग्यता को दर्शाता है यह विजन का ही परिणाम है की कार्यक्रम मे देश विदेश के लोग शामिल हो रहे है।

# प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** मांझी प्रखंड अंतर्गत मटियार पंचायत के भट्ठा गांव में सोमवार को एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा और नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी। सुबह सैकड़ों महिला-पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग नवनिर्मित शिव मंदिर पहुंचे और माथे पर कलश लेकर इसमें शामिल हुए। कलश यात्रा में हाथी, घोड़े और ढोल-बाजे शामिल थे, जिसमें आकर्षक झांकियां भी निकाली गईं। यह यात्रा भट्ठा गांव से शुरू होकर महम्मदपुर, बघौना, गोड़ा और धुसहा गांवों से होते हुए जईछपरा नदी तट तक पहुंची। नदी तट पर आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने कलशों में जल भरा। जल भरने के बाद कलश यात्रा शिव मंदिर के यज्ञ मंडप पहुंची। इस दौरान %जय भोलेनाथ%, %जय श्री राम%, %बजरंग बली की जय% और %हर-हर महादेव% जैसे धार्मिक जयघोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा। महायज्ञ समिति के सदस्य जितेंद्र यादव ने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह चरम पर है। महायज्ञ का आयोजन 23 फरवरी से 27 फरवरी तक किया जाएगा। कलश यात्रा से पहले मंदिर परिसर को भी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। हजारों की संख्या में श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र धारण कर इस यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा के दौरान महम्मदपुर पश्चिम पट्टी चौक पर प्रिंस क्लब के सदस्यों ने श्रद्धालुओं के लिए जल और फल वितरण की व्यवस्था की थी। इनमें रामबाबू पांडेय, रजनीश सिंह, रविरंजन पांडेय, शामू ओझा, धनंजय पांडेय और विवेक मांझी शामिल थे।

## इसुआपुर के जैथर गांव के आयुष राज ने जेईई मेन्स में पाई शानदार सफलता

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर(सारण)।** प्रखंड के जैथर गांव के मनोज तिवारी व सरिता तिवारी के पुत्र आयुष राज ने राष्ट्रीय स्तर की कठिनतम परीक्षा जॉइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन, सेशन - 1 में 99.4 परसेंटाइल का उत्कृष्ट स्कोर प्राप्त कर जिले का मान बढ़ाया है। जेईई मेन्स में उसके शानदार सफलता पर परिवार, रिश्तेदारों तथा गांव में खुशी का माहौल है। आयुष ने अपनी सफलता का राज कड़ी मेहनत, अटूट विश्वास, माता-पिता, गुरुजनों तथा परिवार जनों का आशीर्वाद बताया है। जिसकी बदौलत उसने साबित कर दिया है कि, यदि हौसले बुलंद हो तो गांव की पगडंडियों से निकलकर भी सफलता के सबसे ऊंचे शिखर को छुआ जा सकता है। उनकी इस कामयाबी ने न सिर्फ उनके परिवार का बल्कि पूरे गांव और प्रखंड का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है। आयुष के दादा देवनाथ तिवारी, ललन तिवारी, नाना सुरेश तिवारी, बड़ा भाई इंजीनियर अनिकेत राज, बहन खुशबू कुमारी ने उसे मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया है।

## सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में होली मिलन उत्सव की तैयारी की समीक्षा बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण की सभ्यता संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु सारण्य महोत्सव के तत्वावधान में होली मिलन उत्सव की तैयारी की समीक्षा बैठक एस डी एस पब्लिक स्कूल में सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 27 फरवरी शुक्रवार को एस डी एस पब्लिक स्कूल परिसर में हर साल की भांति होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एस डी एस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने बताया कि होली मिलन समारोह हमारे सारण के संस्कृति का प्रतीक है। सारण्य महोत्सव के महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने कहा कि होली मिलन समारोह की सफलता के लिए पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह को स्वागताध्यक्ष बनाया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम की जिम्मेवारी डॉक्टर राकेश कुमार सिंह तथा गर्ल्स इंटर कॉलेज की संगीत शिक्षिका प्रियन्का कुमारी को दी गई है। सारण्य महोत्सव के इस साल के होली मिलन समारोह में कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा तथा अबीर-गुलाल से फगुआ को और तेज किया जाएँगा। बैठक में आगत अतिथियों का स्वागत पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने किया तथा संचालन महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर राकेश सिंह ने किया। इस अवसर पर सारण्य महोत्सव अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह, डॉक्टर राकेश सिंह, उपाध्यक्ष डॉक्टर सम्पूर्णा नन्द सिंह, संगीत शिक्षिका प्रियन्का कुमारी, कोषाध्यक्ष डॉ देवेश कुमार सिंह, शिक्षक नेता अमितेश कुमार, शुभम कुमार, उदय कुमार श्रीवास्तव उपस्थित हुए। इस अवसर पर होली मिलन समारोह को धूमधाम से मनाने हेतु कई उप समितियों का निर्माण किया गया।

## पंचायती राज पदाधिकारी ने मनरेगा भवन सभागार में नल जल योजना के भूमिदाताओं के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** एकमा प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा भवन सभागार में पंचायती राज पदाधिकारी सूरज कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को एकमा प्रखंड के नलजल योजना के सभी अनुरक्षकों एवं भूमिदाताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वार्डों से आए भूमि दाताओं ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं।भूमिदाताओं ने बताया कि उन्होंने बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना के लिए अपनी निजी जमीन उपलब्ध कराई थी। उस जमीन पर नल-जल योजना शुरू भी कर दी गई, लेकिन पिछले पांच वर्षों से भू-स्वामियों को मुआवजा प्राप्त नहीं हो सका है। भुगतान के लिए वे कभी प्रखंड कार्यालय तो कभी जिला स्तर पर चक्कर लगा रहे हैं।भूमिदाताओं का आरोप था कि भुगतान की राशि संबंधित पंचायतों के वार्ड सदस्य के खातों में भेज दी जाती है, लेकिन कई वार्ड सदस्य राशि मिलने के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिकूल परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।पंचायती राज पदाधिकारी सूरज कुमार ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकारी गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और भुगतान संबंधी समस्याओं का जल्द समाधान कर भूमिदाताओं को राहत दी जाएगी।उन्होंने कहा कि वे इस मामले को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ठोस कदम उठाएंगे।बैठक में राजकुमार साह, योगेंद्र सिंह, अशोक शर्मा, दशरथ यादव, शंभू राम, अच्छेलाल यादव सहित अन्य भूमिदाता शामिल थे।

## छपरा विधायक ने मेडिकल कॉलेज को अविलंब पूर्ण रूप से शुरू करने की मांग की

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** स्थानीय विधायक छोटी कुमारी ने विधानसभा के माध्यम से सरकार का ध्यान छपरा के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज के अधूरे संचालन की ओर आकृष्ट किया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की लागत से बना यह अत्याधुनिक संस्थान संसाधनों और इच्छाशक्ति की कमी के कारण अपने मूल उद्देश्य को पूर्ण रूप से हासिल नहीं कर पा रहा है। विधायक ने बताया कि मेडिकल कॉलेज का भव्य भवन बनकर तैयार है और वर्तमान में केवल ओपीडी सेवाएं संचालित हो रही हैं। पर्याप्त बुनियादी ढांचे और शिक्षकों की कमी के कारण अब तक विद्यार्थियों का नामांकन प्रारंभ नहीं हो सका है। बिना टीचिंग स्टाफ के नेशनल मेडिकल कमीशन से मान्यता एवं नामांकन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। इस अवसर पर विधायक ने बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। नए अस्पतालों का निर्माण, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार एवं जनस्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि स्वास्थ्य मंत्री के सक्रिय हस्तक्षेप से छपरा मेडिकल कॉलेज भी शीघ्र पूर्ण रूप से क्रियाशील होगा। विधायक ने चिंता जताई कि इनडोर सेवा, इमरजेंसी वार्ड एवं पोस्टमार्टम जैसी अनिवार्य सुविधाएं अभी तक प्रारंभ नहीं हो सकी हैं, जिससे गंभीर मरीजों को पटना या अन्य शहरों की ओर जाना पड़ता है। विधायक छोटी कुमारी ने स्वास्थ्य विभाग से आग्रह किया कि रिक्त पदों पर चिकित्सक शिक्षकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति युद्धस्तर पर की जाए। इमरजेंसी एवं इनडोर सेवाओं को तत्काल प्रभाव से चालू किया जाए। आगामी शैक्षणिक सत्र से विद्यार्थियों के नामांकन हेतु सभी तकनीकी बाधाओं को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वास्थ्य मंत्री के मार्गदर्शन और सरकार की सकारात्मक सोच से छपरा की जनता को शीघ्र ही अत्याधुनिक एवं पूर्ण चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

# विभिन्न विधाओं से जुड़ी हस्तियां कर्ण राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

## संजय कुमार सुमन को मिला ग्लोबल लीडरशिप पीस अवार्ड 2026




**दैनिक खोज खबर/भागलपुर।** अंगिका अंगवासियों की मौलिक भाषा है। अंगवासियों की पीड़ा अंगिकाभाषी ही समझ सकते हैं। उक्त बातें शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ. डी.पी.सिंह ने रविवार को स्थानीय गांधी शांति प्रतिष्ठान केंद्र में युग चेतना फाउंडेशन,अंग-जन-गण,अंग मदद फाउंडेशन और अंगिका सभा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विश्व मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अंग अंगिका साहित्य महोत्सव दानवीर कर्ण राष्ट्रीय सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी विद्या जाति से नहीं गुण से सम्मान पाती है। दानवीर कर्ण को ज्ञान का प्रतीक बताते हुए उन्होंने कहा कि जहां भी संभव हो अंगिका में ही बात करें, तभी हमारी यह मातृभाषा सम्मानित होगी। इस अवसर पर समाजसेवी डॉ.शंभू दयाल खेतान ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अंगिका की पढ़ाई हो रही है, इस विषय में शोध भी हो रहा है, हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि निश्चित रूप से अंगिका को प्रतिष्ठित सम्मान मिलेगा।

अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. डॉ. रतन कुमार मंडल ने दानवीर कर्ण को अंग क्षेत्र का गौरव बताते हुए कहा कि अधिक-से-अधिक अंगिका में ही बात करें और अंगिका का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, तभी अंगिका का अस्तित्व बचेगा। उन्होंने इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी संसद और विधानसभाओं में इसके लिए आवाज उठाने की अपील की। इस अवसर पर डॉ. मनोज मीता ने कहा कि जब तक सभी मिलजुल कर अंगिका को सम्मान दिलाने के लिए आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक इसका विकास नहीं हो सकेगा। डॉ. मीरा झा ने कहा कि अंगिका विकास के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। डॉ.रमेश आत्मविश्वास ने अंगिका को समृद्ध भाषा बताते हुए कहा कि इसे अपना भाषा-सिद्धांत है। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रंजन कुमार ने इस बात पर चिंता जताई की लोग अंगिका को मातृभाषा समझते ही नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना में अपनी मातृभाषा अंगिका ही लिखाएं तभी सरकारी आंकड़ों में अंगिकाभाषियों की संख्या बढ़ेगी और अंगिका को भाषायी कोड मिलेगा। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं से जुड़ी प्रसिद्ध हस्तियों को दानवीर कर्ण राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में रंगकर्मी डॉ. चैतन्य प्रकाश, नाटककार व साहित्यकार सत्य नारायण मंडल,प्रीतम विश्वकर्मा,प्रकाश चंद्र,आभा पूर्वे,डा.शोभा कुमारी,सरयुग पंडित सौम्य,अजय साहू आदि शामिल हैं। इस अवसर पर डॉक्टर अमरेंद्र द्वारा संपादित पत्रिका ÷आंगी÷,डॉ. सुधीर मंडल और डॉ. माखन प्रसाद शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक ÷गांधी दर्शन और विचार÷ प्रदीप राय की पुस्तक ÷गांधी जी का ग्राम स्वराज÷और कर्ण पुरस्कार से संबंधित स्मारिका का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन पत्रकार व समाजसेवी प्रसून लतांत ने किया। आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए अंग-जन-गण के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुधीर मंडल ने अंगिका विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर किये गए अपने प्रयासों की चर्चा की। युग चेतना फाउंडेशन के निदेशक शिवनंदन खेतान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. अमरेंद्र,डॉ.ब्रह्मदेव कुमार आदि उपस्थित थे। कर्ण की भूमिका में आए हीरो राजन कुमार आकर्षण का केंद्र रहे।वहीं दूसरी ओर,पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका के लिए संजय कुमार सुमन को ग्लोबल लीडरशिप पीस अवार्ड 2026 प्रदान किया गया है।लोग लगातार उन्हें बधाई दे रहे हैं।यह सम्मान उन्हें निरोज़ा ग्रीन इंडिया परिवार फाउंडेशन,बेतिया( पश्चिमी चंपारण) के डायरेक्टर डॉ पूजा गुप्ता,जिला परिषद भागलपुर के पूर्व अध्यक्ष शंभू खेतान,बिहार नागरिक परिषद के महासचिव डॉ रतन मंडल,संस्था के फाउंडर एवं सीईओ डॉ नीरज गुप्ता के हाथों प्रदान किया गया।इस सम्मान लिए श्रीसुमन ने संस्था के फाउंडर एवं सीईओ डॉ नीरज गुप्ता एवं निदेशक डॉ पूजा गुप्ता को तहेदिल से आभार एवं धन्यवाद दिया है।बिहार नागरिक परिषद के महासचिव रतन मंडल ने कहा कि श्रीसुमन सामाजिक एवं पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे है जो आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।वे हमेशा लोगों के बीच नई नई चीजों को गढ़ते हैं।समाज सेवा और स्वच्छता के क्षेत्र में लगातार किए गए कार्यों को लेकर पहले भी कई बार श्रीसुमन को सम्मानित किया जा चुका है।डॉ नीरज गुप्ता ने कहा कि श्री सुमन पर्यावरण संरक्षण,स्वच्छ भारत अभियान, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान को लेकर लगातार लोगों को जागरूक करने का कार्य लगातार कर रहे हैं।इन कार्य के लिए कई सारे अवार्डों से नवाजा गया है।वरिष्ठ पत्रकार प्रसून लतांत ने कहा कि संजय कुमार सुमन हिंदी एवं अंगिका के उभरते साहित्यकार हैं।साथ सामाजिक कार्यों में काफी सक्रिय रहते हैं।ये निस्वार्थ सेवा की संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं जो समाज के विकास के लिए अपना समय, संसाधन और प्रयास समर्पित करते हैं।श्रीसुमन की इस शानदार उपलब्धि से स्थानीय लोगों में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।लोग खुल कर इन्हें बधाई दे रहे हैं।सम्मान समारोह के दूसरे सत्र में आयोजित कवि सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ कवि राजकुमार ने किया। कवि सम्मेलन में मनीष कुमार गूंज,सरयुग पंडित,प्रीतम विश्वकर्मा,डा.श्वेता भारती, अभय कुमार भारती, डा.ब्रह्मदेव मंडल,पारस कुंज,त्रिलोकीनाथ दिवाकर,डा. विकास सोलंकी, सुजीत कुमार, सत्य नारायण मंडल आदि ने काव्य पाठ किया।

## रघुनाथपुर में पिस्टल व गोली के साथ अपराधी आशीष गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** रघुनाथपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के राजपुर चौक से छापेमारी कर हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर निवासी आशीष यादव है। इसके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, दस गोली व दो मैगजीन बरामद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार बदमाश से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि रविवार को रघुनाथपुर थाना को डायल-112 के माध्यम से गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राजपुर चौक पर चौरसिया टायर दुकान के पास एक व्यक्ति संदिग्ध स्थिति में घूम रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रघुनाथपुर थाना पुलिस एवं डायल-112 की टीम द्वारा संदर्भित स्थल पहुंचकर छापेमारी की गई। छापेमारी के क्रम में पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध व्यक्ति भागने का प्रयास किया, जिसे उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पुछ-ताछ के क्रम में उसने अपना नाम आशीष यादव बताया। जांच एवं तलाशी के क्रम में उनके पास से एक पिस्टल, दस कारतूस एवं दो मैगजीन बरामद किया गया। इस संबंध में रघुनाथपुर थाना अन्तर्गत धारा 25 (एक-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## जनवादी लेखक संघ का मनाया गया 45 वां स्थापना दिवस

**सिवान।** जनवादी लेखक संघ का 45 वां स्थापना दिवस सोमवार को कन्हैयालाल केंद्रीय जिला पुस्तकालय में वरिष्ठ शायर कमर सीवानी की अध्यक्षता में मनाया गया। जलेस के कोषाध्यक्ष डा. के एहतेशाम ने आगंतुक सदस्यों, बुद्धिजीवियों, साहित्यकारों का स्वागत किया। उन्होंने अपनी रचना कई सालों में अपनी जिंदगी बस इतनी बदली है, है हर पर थोड़ी चांदी शक्ल पर थोड़ी झुर्री है, बहुत सिदत से वह सब दिन पुरानी याद आती है, जमाने जितने गुजरे हैं जमाने याद आते है सराही गयी। जलेस सचिव मार्कण्डेय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि जनवादी लेखक संघ हिन्दी उर्दू लेखकों का संगठन है जो जनवाद के विरुद्ध हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाज़ उठाता रहा है। यह संगठन साम्राज्यवाद, फासीवाद का विरोधी और मानवता का पक्षधर है। कार्यकारी सचिव अरुण कुमार सिंह ने जलेस की स्थापना की परिस्थितियों के बारे में विस्तार से बताया कि जब प्रगतिशील लेखक संघ सता लोभी हो गया और जनवाद से किनारा कर लिया तो जनपक्षीय रचनाकारों ने 13-14 फ़रवरी 1928 को दिल्ली में जनवादी लेखक संघ की स्थापना किया। वरिष्ठ अधिवक्ता रविंद्र सिंह ने कहा कि आज जनवाद पर तरह तरह के हमले हो रहे हैं। अभी राजनीतिक हिन्दू और सनातनी हिन्दू को लेकर झगड़ा आरंभ हो गया है। इस हालात में लेखकों का दायित्व बढ़ जाता है। समारोह के दूसरे चरण में कवि सम्मेलन और मुशायरा हुआ। विक्रमा पंडित विवेकी ने कहा कि बंधन प्रेम सदा जो तोडे या आपस में नाता तोडे ने खूब वाहवाही लूटी। लाइची हरिराही की रचना नहीं मिलेगा। भूखों का चित्कार चाहे तुम सीने को छलनी कर दो खूब पसंद की गई। अधिवक्ता अरशद अली की रचना नफरत की आग बुझा क्यों नहीं देते। अध्यक्ष कमर सीवानी ने अपनी रचना से समारोह में जान डाल दिया। उनकी रचना ना इस पर रूस लिखा है ना तुरकिसतान ना पाकिस्तान। वतन वालों देख लो इस दिल पर हिंदुसतान लिखा है। जलेस सच्चाई का नगीना है ये डगमगाते कदमों को संभाल लेता है पहाड काट कर रास्ता निकाल लेता है। प्रमुख वक्ताओं में युगल किशोर दूबे, डा. इलतेफात आमजदी, शिक्षक उपेंद्र कुमार यादव, डा. जगन्नाथ प्रसाद, हैदर वारसी, परमा चौधरी, नीरज यादव, शशि कुमार आदि शामिल थे।

## सिवान पुलिस ने नशा के खिलाफ निकाल जागरूकता अभियान

**परवेज अख्तर/सिवान।** बिहार पुलिस सप्ताह के दूसरे दिन सोमवार को जिला पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस लाइन सहित सभी थाना की पुलिस ने प्रभात फेरी और फ्लैग मार्च निकालकर स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि सोमवार को बिहार पुलिस सप्ताह के द्वितीय कार्य दिवस के अवसर पर जिला पुलिस द्वारा पुलिस केंद्र में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेरे द्वारा की गई। इस अवसर पर पुलिस बल द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जिसके माध्यम से समाज में नशा उन्मूलन के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाने एवं विशेषकर युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने पर बल दिया गया। प्रभात फेरी पुलिस लाइन से निकालकर गोपालगंज मोड़, जेपी चौक, अस्पताल मोड़, बबुनिया मोड़ सहित अन्य स्थानों से होकर पुन~ पुलिस लाइन पहुंचकर खत्म हुई। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित), परिचारी पदाधिकारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे। जिला पुलिस नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सतत प्रतिबद्ध है।

## बीस फरियादियों ने सुनाई पीड़ा एसपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**परवेज अख्तर/सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा द्वारा समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में सोमवार को जनता दरबार लगाया गया। एसपी ने उपस्थित बीस लोगों की फरियादें सुनीं। जनता दरबार में सर्वाधिक मारपीट, धोखाधड़ी सहित फर्जी मुकदमे में फंसाने आदि के कई मामले आए थे। इनमें दो दर्जन से ज्यादा मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। एसपी ने इन मामलों में लापरवाही बरतने वाले कई थानेदारों को फोन कर त्वरित कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। जनता दरबार में भूमि संबंधित मुकदमे के मामले की गुहार लगाने वालों की संख्या सबसे अधिक रही। उन्होंने एक-एक कर जनता दरबार में आए सभी फरियादियों की फरियाद सुनी। एसपी ने जनता के आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए कई थानाध्यक्षों को इन मामले के निष्पादन में कोताही न बरतने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि नियमित रूप से संचालित जनसुनवाई में आम जनता की समस्याओं से अवगत होकर आवश्यक क्रियार्थ हेतु संबंधित थानाध्यक्ष को आदेशित किया गया।

## झरही नदी में डूबने से दिव्यांग युवक की मौत

मैरवा (सिवान)। थाना क्षेत्र के अनुग्रह नगर के निकट सोमवार को झरही नदी में डूबने से एक दिव्यांग युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान सेमरा निवासी गौतम राम के रूप में हुई है। बताते हैं कि वह शौच के लिए झरही नदी तट पर गया था। इसी दौरान पैर फिसल जाने से नदी में डूब गया। ग्रामीणों ने शव नदी के किनारे शैवाल और झाड़ी में फंसा देखा और पुलिस को सूचना दी। शव की पहचान होने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया।बताते हैं कि सेमरा निवासी गौतम राम प्रति दिन की तरह अपने गांव से मैरवा धाम स्थित अपने दुकान एक आटो से जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में शौच महसूस होने पर वह राजेंद्र कुष्ठ सेवा आश्रम के निकट उतर गया और शौच के लिए झरही नदी के किनारे चला गया। वहां पैर फिसलने से नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। गौतम राम एक पैर से दिव्यांग था और लाठी के सहारे चलता था। यही कारण था कि वह आटो से मैरवा धाम स्थित अपनी दुकान पर जाता था। वह कपड़ा सिलाई का काम करता था। इस इस दौरान सड़क से गुजर रहे किसी व्यक्ति की नजर उस पर झाड़ी पर पड़ी। उसकी सूचना पर धीरे-धीरे वहां ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसकी सूचना मैरवा पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच शव को बाहर निकाला गया।

## 65 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

दारौंदा (सिवान)। थाना क्षेत्र के भीखाबांध गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 65 लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने बताया किर 22 फरवरी की दोपहर अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी के लिए पुलिस टीम रवाना हुई थी। टीम में पुअनि ओमप्रकाश, चौकीदार रमेश कुमार मांझी एवं सरोज कुमार यादव शामिल थे। भीखाबांध पहुंचने पर गुप्त सूचना मिली कि हरेश प्रसाद और अजीत प्रसाद अपने घर में भारी मात्रा में शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहे हैं। सूचना से वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद कुछ लोग भागने लगे, जबकि दो युवक शराब छिपाने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को पकड़ लिया।

## बाइक से गिर तीन घायल

**सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिवान- सिसवन मुख्य मार्ग पर सरउत मोड़ के समीप शादी समारोह से लौट घर लौट रहे हसनपुरा के तीन लोग बाइक से गिरकर घायल हो गए। घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में शिवनाथ राम के पुत्र नंद कुमार राम, नंद कुमार राम के पुत्र मुकेश राम व बहारन राम शामिल है।

## एक हजार लीटर शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के खवासपुर में पुलिस ने छापेमारी कर एक हजार लीटर शराब बरामद की। थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शुक्ला ने बताया कि इस दौरान शराब पीते तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में राजकुमार महतो, मोहम्मद इफ्तेखार और अवधेश कुमार शामिल हैं। इन लोगों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस ने 200 लीटर हरियाणा निर्मित शराब जब्त

**गुठनी (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कुड़ेसर गांव के समीप स्थानीय पुलिस ने घेराबंदी कर 200 लीटर हरियाणा निर्मित शराब जब्त की जबकि अंधेरा का फायदा उठा तस्कर फरार हो गए। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपये आंकी जा रही है।थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि यूपी के सोहनपुर के तरफ से एक कार में भारी मात्रा में शराब लाई जा रही है। तभी कुड़ेसर गांव के करीब घेराबंदी कर दी गई। जब कार पहुंची तो उसे रोकने का इशारा किया गया, लेकिन वह गाड़ी का गति तेज बढ़ा भागने लगा। पुलिस कार को पीछा की तो चालक गाड़ी छोड़ अंधेरा का फायदा उठा भागने में सफल रहा। पुलिस जब्त कार को थाना लाई। कार में करीब हरियाणा निर्मित 200 लीटर शराब पाई गई जिसकी अनुमानित कीमत दो लाख रुपये आंकी जा रही है।

## शरारती तत्वों ने घर में घुस की तोड़फोड़

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत गोपालपुर दलित बस्ती में रविवार की देर शाम कुछ शरारती तत्वों ने एकजुट होकर छोटन राउत के घर में घुसकर तोड़फोड़ की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छोटन राउत के घर मई में लड़की की शादी है। इसको लेकर वे कपड़, आभूषण सहित अन्य सामानों की खरीदारी कर एकत्रित किया जा रहा है। इस दौरान रविवार की देर शाम शरारती तत्वों ने गहने चोरी कर ली है। साथ ही बक्से, सूटकेस, हैंडबैग व अन्य सामानों की भी क्षति पहुंचाई है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। हालांकि पीड़ित की ओर से अभी तक थाने में आवेदन नहीं दिया गया है।

## डा. अमित बने जदयू के नगर अध्यक्ष

**सिवान।** जिले के विभिन्न जगहों पर जदयू पदाधिकारियों का चुनाव किया गया। इस इसमें डा. अमित कुमार को जदयू का नगर अध्यक्ष तथा कृष्ण सिंह पटेल को रघुनाथपुर का प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जानकारी के अनुसार शहर के स्टेशन रोड स्थित एक निजी होटल में जदयू नगर अध्यक्ष पद का चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सर्वसम्मति से डा. अमित कुमार को निर्विरोध नगर अध्यक्ष चुना गया। उनके पुनः चयन की घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई और उपस्थित नेताओं व समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत कर किया। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी निर्वाची पदाधिकारी बबलू चौहान तथा पर्यवेक्षक पीयूष कुमार की देखरेख में हुआ। निर्धारित समय पर डा. अमित कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, नगर अध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नामांकन प्राप्त होने के कारण उन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस दौरान डा. अमित कुमार ने सभी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो हमें जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का कार्य करूंगा। इस मौके पर डा. सीबी मिश्रा, मोनू सिंह, शैशन कुमार श्रीवास्तव, विनोद बांसफोर, डा. धन्नू यादव, डा. कृष्ण प्रसाद आदि मौजूद थे। वहीं रघुनाथपुर प्रखंड के जटहवा बाबा मंदिर परिसर में रविवार की शाम जदयू प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव हुआ। चुनाव पदाधिकारी मदन साह और चुनाव पर्यवेक्षक मदन बैठा की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया आरंभ हुआ। इस दौरान काजी पतियांव निवासी कृष्णा सिंह पटेल के विरुद्ध किसी अन्य कार्यकर्ता ने नामांकन दाखिल नहीं किया, इस कारण उन्हें चौथी बार निर्विरोध प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनी

**सिसवन (सिवान)।** प्रखंड के गंगपुर सिसवन में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह की 10वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दारौंदा के विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह थे। सभा की शुरुआत विजय कुमार सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। वक्ताओं ने उनके राजनीतिक जीवन, संगठन के प्रति समर्पण और समाजसेवा के कार्यों को याद करते हुए उन्हें एक कर्मठ एवं लोकप्रिय नेता बताया। मुख्य अतिथि ने कहा कि विजय कुमार सिंह ने पार्टी को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका जीवन कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अंत में उपस्थित लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश यादव, देवेंद्र तिवारी, रवींद्र सिंह सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मैट्रिक परीक्षा देने आए छात्रों के साथ तीन शरारती तत्वों ने की मारपीट

महाराजगंज (सिवान)। शहर के रामापाली रेलवे ढाला के समीप रविवार की देर शाम शरारती तत्वों ने उत्पात मचाते हुए मैट्रिक की परीक्षा देने से आए छात्रों के साथ मारपीट की तथा उनके पास से करीब पांच हजार रुपये छीन ली। साथ ही उनकी मोबाइल तोड़ डाली। लोगों ने घटना की जानकारी 112 डायल को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा उक्त बाइक को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई। ग्रामीणों ने बताया कि ये शरारती तत्व अक्सर ऐसी घटना को अंजाम देते हैं।बताया जाता है कि मैट्रिक की परीक्षा का सेंटर शहर के रामापाली स्थित जीपीएस स्कूल में पड़ा रहा है। परीक्षा केंद्र पर परीक्षा देने के लिए तमाम बाहर के छात्र रामापाली में आकर किराए के मकान में ठहरे हैं। रविवार की देर शाम कुछ छात्र शहर स्थित होटल में भोजन करने के लिए जा रहा थे। तभी थाना क्षेत्र के रामापाली ढाला के समीप तीन की संख्या में शरारती तत्वों ने उन छात्रों को घेर लिया तथा उनके साथ मारपीट की और उनकी मोबाइल तोड़ दी। साथ ही उनके जेब से पांच हजार रुपये निकाल लिए। जैसे ही इस घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई उक्त स्थल पर काफी संख्या में लोग पहुंच गए, लोगों को आता देख शरारती तत्व अपनी बाइक छोड़ फरार हो गए।

## शराब के साथ एक महिला सहित दो गिरफ्तार

**सिवान।** आरपीएफ ने जंक्शन के प्लेटफार्म से एक महिला सहित दो तस्करों को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी, सहायक सुरक्षा आयुक्त छपरा, निरीक्षक सीआईबी /छपरा व मेरे निर्देशानुसार टास्क टीम जंक्शन पर अपराधिक गतिविधि की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफार्म संख्या एक व चार के मध्य गाड़ी संख्या 14006 के आगमन पर अपराधिक गतिविधि निगरानी के दौरान एक शराब तस्कर जो अपने कमर में एक बोतल व एक महिला शराब तस्कर के हैंड बैग में नौ बोतल शराब को बरामद की गई जिसकी कीमत दस हजार 240 रुपया है। जिसे आगे की कार्यवाही हेतु जीआरपी को सुपुर्द कर दिया। गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर वार्ड नंबर दो निवासी मनोज कुमार व बड़हरिया थाना क्षेत्र के कोरीगांवा करबाला वार्ड नंबर छह निवासी पुष्पा देवी है।

## तरवारा में बाइक की टक्कर से वृद्ध की मौत

**सिवान।** जीबी नगर थाना क्षेत्र के कैथी सरैया गांव के समीप रविवार की रात बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रहे एक 80 वर्षीय वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक बाइक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान कैथी सरैया निवासी बाबूलाल शर्मा के 80 वर्षीय पुत्र रामाधार शर्मा के रूप में हुई है। स्वजनों के अनुसार, रामाधार शर्मा रविवार की रात को घर के पास स्थित एक जनरल स्टोर की दुकान पर सामान खरीदने गए थे।दुकान से सामान लेकर जैसे ही वे वापस अपने घर जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी घर के दरवाजे के समीप तेज रफ्तार और अनियंत्रित अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही बेसुध हो गए। आसपास के लोगों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बाइक सवार फरार हो चुका था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्ध को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में जीबी नगर थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हुई है। सदर अस्पताल से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम को भेजा गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई गई और बाद में शव स्वजनों को सौंप दिया गया। बताया कि मृतक के पुत्र द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर प्राथमिकी की जा रही है।

## पुलिस ने शव को किया बरामद,दो गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के हबीबनगर टोले मिश्रौली गांव में रविवार की रात्रि एक विवाहिता की फांसी लगाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता की पहचान आकाश शर्मा की पत्नी प्रियंका देवी के रूप में हुई है। इस संदर्भ में सिसवन थाना के किशुनबारी निवासी सह मृत विवाहिता के पिता रमण शर्मा ने थाने में आवेदन देते हुए अपने दामाद आकाश शर्मा एवं उसके भाई संजय शर्मा को आरोपित किया है। उन्होंने कहा है कि करीब छह महीने पहले आकाश शर्मा ने प्रेम प्रसंग में मेरी पुत्री को भगाकर शादी की थी। रविवार की रात्रि दोनों भाइयों ने मेरी बेटी के गले में फंदा डालकर उसकी हत्या कर दी और शव को गुपचुप तरीके दफनाने का प्रयास कर रहे थे तभी मुझे सूचना मिली। मैं आकर देखा कि बेटी का शव दफनाने की तैयारी चल रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि मेरी बेटी की हत्या आकाश एवं संजय ने की है। पुलिस के अनुसार भी मौत का कारण हत्या जैसा प्रतीत हो रहा है। थानाध्यक्ष मोहन प्रसाद सिंह ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचकर एफएसएल टीम की एक्सपर्ट पूजा सिंह ने बारीकी से जांच पड़ताल की एवं शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। साथ ही दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## विशेष अभियान के तहत 24 घंटे में 49 गिरफ्तार

**सिवान।** पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा के आदेश पर जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पिछले 24 घंटे के विशेष अभियान के दौरान 49 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। मामले में एसपी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 24 घंटे में जिलांतर्गत विशेष अभियान के दौरान 49 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। बताया कि बदमाशों की गिरफ्तारी, शराब के सेवन, बिक्री, भंडारण, निर्माण, परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने एवं देसी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 49 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान शराब के कांड में 24, वारंट के कांड में 12, आर्म्स एक्ट के कांड में एक, हत्या के प्रयास की कांड में दो, चोरी के कांड में पांच व विविध कांड में पांच गिरफ्तारी की गई। वहीं 280.12 लीटर देसी शराब व 46 लीटर विदेसी शराब जब्त किया गया। जबकि 813 वारंट व 101 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि जिले में अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से यातायात के उल्लंघन करने वाले वाहनों से 15 हजार पांच सौ रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई।